# एसआईआर : उल्टी गिनती शुरू, डिजिटाइजेशन के 6 दिन शेष

## जिले में 96 प्रतिशत से अधिक हुआ एसआईआर डिजिटाइज्ड, 6 दिन में शेष 4 प्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 28 नवम्बर. एसआईआर कार्य की उलटी गिनती शुरु हो चुकी है। डिजिटाईजेशन के 6 दिन शेष रह गये हैं। जिले में 96 प्रतिशत से अधिक एसआईआर डिजिटाइज्ड हो चुका है।6 दिन में शेष 4 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है।**

गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश के साथ ही सीधी जिले में भी 4 नवम्बर 2025 से चल रहे निर्वाचन नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 (एसआईआर) का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। जिले में आज शाम 4 बजे की स्थिति में कुल 10 लाख 46 हजार 912 मतदाताओं में से 9 लाख 47 हजार 598 मतदाताओं का गणना प्रपत्र डिजिटाइज्ड हो चुका है। इस तरह सीधी जिले में एसआईआर का कार्य 96.09 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। शेष 3.91 प्रतिशत कार्य को पूर्ण करने के लिये प्रशासन पूरी तरह से



मुस्तैद है। जिन क्षेत्रों में अभी शेष कार्य बचा है वहां के बीएलओ द्वारा उक्त कार्यों को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने की मुस्तैदी प्रदर्शित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकरी स्वरोचिष सोमवंशी के नेतृत्व में चल रहे एसआईआर अभियान में अन्य अधिकारियों की सहभागिता बनी हुई है। कलेक्टर श्री सोमवंशी एसआईआर के चलते कार्यों की स्वयं शाम को ब्लाक स्तर के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा कर रहे हैं। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान कर रहे हैं। कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा एसआईआर अभियान के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गई है। उनके द्वारा एसआईआर के चल रहे कार्यों का स्वयं भी कुछ मतदान केन्द्रों में पहुंचकर प्रगति का जायजा लिया गया।

एसआईआर अभियान में जिन बीएलओ की प्रगति आरंभ में कमजोर रही, उन पर कार्यवाही की गाज भी गिरी। कलेक्टर की सख्ती के चलते एसआईआर अभियान के कार्य में उत्तरोत्तर प्रगति दर्ज होना शुरू हुई। अब इसकी प्रगति 96.09 प्रतिशत पहुंच गई है। एसआईआर अभियान में बड़े प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही ब्लाक स्तरीय अधिकारियों की सहभागिता बनी रही। इसी के चलते अब सीधी जिला एसआईआर अभियान में लक्ष्य के अंतिम पायदान में पहुंच गया है। एसआईआर अभियान से जुड़े कुछ अधिकारियों का कहना था कि शेष बचे कार्य को भी जल्द पूर्ण कर लिया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा एसआईआर के कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया था। उक्त निर्देश के परिपालन में एसआईआर अभियान से जुड़ा समूचा प्रशासनिक अमला पूरी सिद्दत के साथ जुटा हुआ है।

### सीधी विधानसभा में सबसे कमजोर डिजिटाइजेशन एसआईआर

जिले में चल रहे एसआईआर अभियान के आंकड़ों की निगाहबानी की जाय तो जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र में सीधी विधानसभा में अभी तक सबसे कमजोर स्थिति में है। विधानसभा क्षेत्र सीधी में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 62 हजार 230 है। इसमें 2 लाख 62 हजार 212 मतदाताओं को गणना प्रपत्र का वितरण किया गया। मतदाताओं से प्राप्त 2 लाख 34 हजार 544 गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज्ड किया जा चुका है। सीधी विधानसभा की प्रगति 95 .09 प्रतिशत है। कमजोर प्रगति के कारण एसआईआर अभियान से जुड़े अधिकारियों द्वारा विधानसभा क्षेत्र सीधी में कार्य को जल्द पूर्ण कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### एसआईआर डिजिटाइजशन में चुरहट विधानसभा सबसे आगे

एसआईआर के डिजिटाईजेशन कार्य में चुरहट विधानसभा सबसे आगे है। चुरहट विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 69 हजार 974 है। यहां शत-प्रतिशत मतदाताओं को गणना प्रपत्र का वितरण किया जा चुका है। मतदाताओं से प्राप्त 2 लाख 42 हजार 704 गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज्ड भी किया जा चुका है। विधानसभा क्षेत्र चुरहट की प्रगति एसआईआर अभियान में सर्वाधिक 96 .83 प्रतिशत है। एसआईआर अभियान से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि चुरहट विधानसभा क्षेत्र में जल्द ही शत-प्रतिशत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइज्ड होने की संभावना है। इसके लिये संबंधित बीएलओ द्वारा मुस्तैदी के साथ कार्य किये जा रहे हैं।



# प्रात : काल का भ्रमण उत्तम स्वास्थ्य की संजीवनी : डॉ .राजेश

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 28 नवम्बर। लोकसभा सांसद एवं ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ.राजेश मिश्रा दिल्ली से लौटने के पश्चात प्रात:काल पैदल भ्रमण करते हुए नगर का हाल-चाल जाने।**

तीन-चार किलोमीटर भ्रमण के पश्चात सांसद डॉ.मिश्रा ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि प्रात: कालीन का भ्रमण उत्तम स्वास्थ्य की संजीवनी है। हमारे वेदों में कहा गया है कि ब्रह्म मुहूर्त में जागरण करना, योग, व्यायाम करना स्वास्थ्य के लिए उत्तम होता है। विशेष रूप से विद्यार्थी ब्रह्म मुहूर्त में विद्या अध्ययन करें तो उन्हें अच्छा फायदा होता है। सांसद ने कहा कि मैं समस्त नगर वासियों से अपील करता हूं कि वे प्रात: काल उठकर धीमी, मध्यम और तेज गति से चलें। मैं तो अक्सर सीधी या कहीं भी रहूं प्रात:काल उठकर नगर भ्रमण करता हूं जिससे जहां एक ओर नगर की हालत से रूबरू होता हूं वहीं दूसरी ओर शुद्ध ऑक्सीजन और स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त करता हूं। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्रमणि दुबे सहित आमजन सहभागी रहे।

# श्री राजपूत करणी सेना की मांग, संतोष वर्मा के ऊपर दर्ज हो एफआईआर

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 28 नवंबर। श्री राजपूत करणी सेना सीधी के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह बाघेल ने आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा बहन बेटियों को लेकर की गई टिप्पणी अत्यंत आपत्तिजनक एवं असंवेदनशील और समाज में अनावश्यक विभाजन पैदा करने वाली बताया है।**



किसी भी समाज की बहन बेटियों के खिलाफ ऐसी टिप्पणी विकृत मानसिकता का परिलक्षण है। एक उच्च पद पर बैठे अधिकारी से ऐसे विचार न केवल सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुंचाते हैं बल्कि प्रशासनिक गरिमा पर भी प्रश्न उठाते हैं।श्री राजपूत करणी सेना का स्पष्ट मानना है कि किसी भी जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारी द्वारा मातृशक्ति के विरुद्ध ऐसी टिप्पणी करना सामाजिक समरसता और संवैधानिक मर्यादा दोनों के विरुद्ध है। सभी वर्गों का सम्मान हमारी परम्परा का मूल है और किसी भी समुदाय विशेष को लक्षित कर की गई टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती। श्री राजपूत करणी सेना की मांग है कि आईएएस के विरुद्ध 353(2) एवं 196 बीएनएसएस का अपराध पंजीबद्ध होना चाहिए।

# नशा मुक्त समाज का निर्माण सामूहिक प्रयासों से होगा संभव : धनंजय मिश्रा

## श्रीगणेश इंस्टीट्यूट में दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 28 नवम्बर। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिले में वृहद स्तर पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।**

सामाजिक न्याय विभाग उपसंचालक एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा द्वारा शुक्रवार को श्री गणेश इंस्टीट्यूट पड़रा में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। सामाजिक न्याय विभाग उपसंचालक एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय




मिश्रा ने कहा कि नशा मुक्त समाज का निर्माण सामूहिक प्रयासों से संभव होगा इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जिम्मेवारी लेनी होगी । नशा मुक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष कर युवाओं, छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराकर नशामुक्ति हेतु प्रेरित करना एवं अभियान में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना और नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना है। इस दौरान चंद्र प्रताप तिवारी मुख्य लिपिक सामाजिक न्याय विभाग, डॉ.महेन्द्र तिवारी प्राचार्य गणेश इंस्टीट्यूट पड़रा, प्रभात शुक्ल सामाजिक न्याय विभाग, नम्रता मिश्रा सामाजिक न्याय विभाग, अमित कुमार गौतम स्वतंत्र परामर्शदाता मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद्, दिलीप परिहार श्री गणेश इंस्टीट्यूट उपस्थित रहे।

# सीधी विधानसभा के 21 बीएलओ सम्मानित, शत-प्रतिशत उपलब्धि पर मिला प्रशस्ति पत्र

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 28 नवम्बर। निर्वाचन नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य करते हुए विधानसभा क्षेत्र 77 सीधी के 21 बीएलओ ने शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य पूरा किया। उनकी इस उपलब्धि पर सभी को शाल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।**



सम्मानित बीएलओ में मतदान केन्द्र 33 अमरवाह के गोविन्द प्रताप सिंह, 48 रोझौहा की ममता सिंह, 241 वार्ड 24 सीधी के मो.इजरान मंसूरी, 243 रामपुर के प्रेमसागर शर्मा, 283 बमुरी की नीतू दुबे, 10 झगरहा के कृष्णराज सोनी, 32 अमरवाह के प्रदीप रजक, 35 पनवार बघेलान के महेश सिंह, 36 बसौडहा के जीवेन्द्र सिंह, 37 नौगवांधीर सिंह के आशीष कुमार सिंह, 104 छिवलहा के विजय बहादुर सिंह, 127 करवाही के राममनोहर प्रजापति, 138 झुमरिया के अम्बिकेश शुक्ला, 154 पोखड़ौर के जीतेन्द्र शुक्ला, 167 कुचवाही की ऊषा गुप्ता, 168 जनकपुर के रविशंकर शुक्ला, 179 बेंदुआ के अजय मिश्रा, 194 देवघटा की प्रियंका सिंह, 195 मोहनिया की आशा सिंह, 244 रामपुर के सुनील कुमार चर्मकार तथा 287 छुहिया के रामप्रताप सिंह शामिल हैं। कार्यक्रम में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 77 सीधी राकेश शुक्ला ने सभी बीएलओ के कार्य की सराहना की और कहा कि उनका यह प्रयास अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने शेष कार्य को समयसीमा के भीतर पूरा करने के लिए अधिकारियों और बीएलओ को आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए। इस अवसर पर तहसीलदार गोपदबनास राकेश कुमार शुक्ला और सहा. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा नायब तहसीलदार गोपद बनास एकता शुक्ला उपस्थित रहे।

# भूकंपरोधी संरचना निर्माण विषयक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 28 नवम्बर। आपदा प्रबंध संस्थान भोपाल गृह विभाग म.प्र. शासन एवं जिला प्रशासन सीधी के संयुक्त तत्वाधान में यूनिसेफ म.प्र. के सहयोग से 26 से 28 नवम्बर तक 3 दिवसीय भूकंपरोधी संरचना निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्टर सभागार में किया गया।**

कार्यक्रम के समापन अवसर पर अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय ने कहा कि भूकंप से कभी मौत नहीं होती, बल्कि हमारे द्वारा निर्मित कमजोर संरचनाओं के ढहने से जनहानि होती है। उन्होंने भविष्य में सभी इमारतों को भूकंपरोधी मानकों के अनुरूप निर्माण करने पर विशेष बल दिया। आपदा प्रबंध संस्थान भोपाल से पधारे तकनीकी विशेषज्ञ अभिषेक मिश्रा ने बताया कि यह प्रशिक्षण जिला प्रशासन और संस्थान के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है, जिसका उद्देश्य आपदा-प्रबंधन क्षमता को मजबूत करना है। तकनीकी विशेषज्ञ तुषार गोलाईत ने भूकंप आपदा, सिस्मोलॉजी, कारण, विभिन्न भवन संहिताओं तथा सुरक्षित निर्माण तकनीकों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बचाव एवं एहतियाती उपायों को भी विस्तार से समझाया।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में पारदर्शिता सुनिश्चित करें निर्वाचन अधिकारी : ज्ञान

## एसआईआर प्रक्रिया में दो प्रति फॉर्म अनिवार्य

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 28 नवम्बर। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने एसआईआर प्रक्रिया में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बीएलओ से आग्रह किया है कि वे मतदाताओं को पूरी एवं सही जानकारी उपलब्ध कराएं।**



उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों से ऐसी शिकायतें मिली हैं कि बीएलओ केवल एक प्रति फॉर्म दे रहे हैं, जबकि नियम स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रत्येक मतदाता को दो प्रति फॉर्म उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है एक प्रति मतदाता द्वारा भरकर बीएलओ को लौटाई जाएगी जबकि दूसरी प्रति पावती के रूप में मतदाता के पास रहेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस व्यवस्था का सख्ती से पालन किया जाए ताकि एसआईआर प्रक्रिया को लेकर किसी भी प्रकार का भ्रम उत्पन्न न हो। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि इन दिनों लोगों में यह बड़ा संशय फैल रहा है कि 2003 की मतदाता सूची में नाम होना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सोच से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि यदि किसी मतदाता या उसके माता-पिता का नाम 2003 की सूची में है तो एसआईआर फॉर्म में उसका विवरण भर दें यदि नहीं है तो भी चिंता की बात नहीं है। वर्तमान वोटर आईडी कार्ड के आधार पर भी एसआईआर फॉर्म भरा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सीधी से विनम्र आग्रह है कि हमारे बीएलओ साथियों को यह निर्देशित किया जाए कि वे प्रत्येक परिवार को गणना-पत्रक (फॉर्म) की एक प्रति पावती के रूप में अवश्य उपलब्ध कराएं। साथ ही वर्ष 2003 के पूर्व जिन माताओं-बहनों का नाम उस बूथ की मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है जहां वे वर्तमान में निवासरत हैं उनके गणना-पत्रक भरवाने में भी पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए। यह केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की पहचान और अधिकार से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है।

अंत में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया लोकतांत्रिक अधिकारों को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए बीएलओ तथा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी मतदाता के मन में कोई भ्रम न रहे और प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी व सुचारु रूप से संचालित हो। आशा है कि प्रशासन और क्षेत्रीय कर्मचारी संवेदनशीलता के साथ इस कार्य को प्राथमिकता देंगे।




# एडीआर सेंटर में व्यापक विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 28 नवम्बर। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे, सुश्री सुनीता रावत प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोनू जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी, मृदुल लटौरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी, जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक द्वारा गुरुवार 27.11.2025 को एडीआर सेंटर में व्यापक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन में विधिक साक्षरता को बढ़ावा देना, समाज के कमजोर एवं वंचित वर्ग तक न्यायिक अधिकारों की जानकारी पहुंचना तथा नि:शुल्क विधिक सहायता योजनाओं के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा नालसा की विभिन्न योजनाओं, प्रवधानों एवं उपलब्ध सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविर के साथ ही पैरा-लीगल वॉलेंटियरों की बैठक भी आयोजित की गई जिसमें पीएलवी की क्षेत्रीय गतिविधियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने वॉलेंटियरों को उनके दायित्व, समुदाय में जागरूकता फैलाने के तरीके, कानूनी सहायता के अनुरोधों पर त्वरित प्रतिक्रिया तथा असहाय, जरूरतमंद एवं पीड़ित व्यक्तियों तक पहुंच बनाने के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक पीएलवी अपने क्षेत्र में विधिक सेवाओं के सुचारू संचालन, समयबद्ध सूचना संप्रेषण, जनजागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन तथा न्यायालयीन प्रक्रियाओं के बारे में समाज को समझाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। सचिव जिला विधिक प्राधिकरण मुकेश कुमार शिवहरे ने अपने संबोधन में कहा कि नालसा और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं को प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंचाने में पीएलवी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# अंडर-22 क्रिकेट टूर्नामेंट में रीवा डिवीजन टीम में डीसीए सीधी के 7 खिलाड़ियों का चयन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 28 नवम्बर। आरडीसीए द्वारा आयोजित अंडर-22 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में सीधी जिला अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर विजेता बना। पूरे टूर्नामेंट में सीधी की टीम ने दमदार बल्लेबाजी, सटीक गेंदबाजी और अनुशासित क्रिकेट का प्रदर्शन करते हुए सभी टीमों को पछाड़कर यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की।**

इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का असर चयन प्रक्रिया में साफ दिखाई दिया, जहां रीवा डिवीजन की घोषित टीम में पूरे डिवीजन में से सबसे अधिक अकेले डीसीए सीधी के 7 खिलाड़ियों का चयन किया गया।



चयनित खिलाड़ियों में रुद्रांश सिंह, रवि तिवारी, आर्यन तिवारी, आशीष पटेल, पियूष पाण्डेय, प्रांजल पाण्डेय और आशीष पटेल शामिल हैं। यह उपलब्धि जिला क्रिकेट के लिए एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गई है। डीसीए सीधी की ओर से राव कृष्ण कुमार भंवर साहब, डॉ.अनूप मिश्रा, आशीष मिश्रा, उपेन्द्र सिंह बघेल, विवेक सिंह चौहान, प्रतीक सिंह परिहार, सिराजुल हक अंसारी, संतोष आहूजा, कौशलेन्द्र सिंह, अभिषेक सिंह परिहार, अंजनी सिंह, संतोष सिंह, संजीव तिवारी, राजेन्द्र रजक, कुश पाण्डेय, दिलीप वर्मा, द्वारिका गुप्ता, आलोक केशरी, अखिलेश गुप्ता, बृजेश सोंधिया, जितेंद्र शंकर वर्मा तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से इन खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि सीधी का विजेता बनना और डिवीजन टीम में सात खिलाड़ियों का चयन होना जिले की मेहनत, प्रशिक्षण व्यवस्था और प्रतिभा का मजबूत प्रमाण है। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि सीधी के खिलाड़ी आने वाले समय में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी इसी तरह जिले का नाम रोशन करेंगे।

# युवा भारत की ऊर्जा, खेल उनके व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम : डॉ .मिश्रा

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 28 नवम्बर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में 27 एवं 28 नवम्बर 2025 को द्वि-दिवसीय वार्षिक खेलकूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि सीधी लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्रशरण सिंह चौहान तथा पूर्व खिलाड़ी कन्हैयालाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.प्रभाकर सिंह ने की।**



दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके पश्चात आकर्षक मार्च-पास्ट और सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि आज का युवा भारत की ऊर्जा है और खेल उनके व्यक्तित्व विकास का सबसे सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया-हिट इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के प्रत्येक युवा को अपनी दिनचर्या में खेलों को अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए।

प्रधानमंत्री जी ने खेलो इंडिया, सांसद खेल महोत्सव जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देने का जो कार्य किया है, उससे देश नई खेल क्रांति की ओर बढ़ रहा है। सांसद ने कहा कि खेल हमें अनुशासन, टीमवर्क, नेतृत्व और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश देते हैं। जीत और हार महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि खेलों में सक्रिय सहभागिता ही वास्तविक उपलब्धि है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से आप सभी युवा नशा व डोपिंग से दूर रहकर स्वच्छ और सकारात्मक खेल संस्कृति को अपनाएं। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ.प्रभाकर सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए खिलाड़ियों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, सौहार्द और सकारात्मक सोच के साथ हिस्सा लेने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय खेल अधिकारी डॉ.रविन्द्र नाथ सिंह ने प्रतियोगिता की रूपरेखा एवं आयोजन का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। द्वि-दिवसीय प्रतियोगिता उत्साह और उमंग के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने खेल भावना और उत्कृष्ट कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ .के .एस .नेताम, डॉ .रामनारायण स्वर्णकार, डॉ .अरविंद त्रिपाठी, डॉ .अरुणा ठाकुर, डॉ .भोला सिंह कुशराम, डॉ .विनोद प्रजापति सहित समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।